an>

Title: Issue regarding bad condition of National Highway No. 12 from Jabalpur to Jaipur.

**श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद) :** माननीय अध्यक्ष जी, हमारा सड़क परिवहन और राजमार्ग तथा पोत परिवहन मंत्रालय श्री नितिन गडकरी जी के नेतृत्व में बहुत अच्छा काम कर रहा है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में जबलपुर से लेकर जयपुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 12 जाता है। पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण एवं टेंडर की प्रोसेस का सही तरीके से पालन न होने के कारण यह पूरा मार्ग जर्जर हो गया है। अब हमारी सरकार ने छोटे-छोटे पैकेजेज के माध्यम से दुबारा उनके टेंडर शुरू किए हैं, लेकिन ठेकेदारों द्वारा सड़क निर्माण में देरी की जा रही है और मेंटिनेंस का कार्य भी नहीं हो रहा है। बारी, बरेली, उदयपुरा, तेंदूखेड़ा से होते हुए मेरे गांव तक पूरा राजमार्ग इतनी बुरी हालत में है कि उस पर चलना दूभर हो रहा है। आए दिन वहां दुर्घटनाएं होती हैं और मौतें होती हैं। पूरे मध्य प्रदेश में राजकीय मार्ग बहुत अच्छी स्थिति में हैं, लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 12 की हालत बहुत खराब है।

मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 12, जो जबलपुर से जयपुर तक जाता है, जो हाईकोर्ट को राजधानी से जोड़ने का काम करता है, जो जबलपुर को भोपाल से जोड़ता है, उस मार्ग की तुरंत मेंटिनेंस कराई जाए, उसे मोटरेबल बनाया जाए, जिससे लोग उस पर चल सकें और शीघ्र ही ठेकेदार नया निर्माण भी शुरू करें। ऐसी आपके माध्यम से मेरी अपेक्षा है। धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष:**

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री सुधीर गुप्ता एवं

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी को श्री उदय प्रताप सिंह द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।